स्वर्गीय साम्य रतनचन्दजी जैन

पिताजी,

भगवान महावीरकी वाणी के अनुसार*
आप का ऋण चुका नहीं सकता।

मम पुत्र
प्यारीलाल

*"तिण्हं दुप्पडियारं समणाउसो! अम्मापिउणो भट्टिस्स धम्मायरियस्स"
हे चिरंजीव शिष्य! मातपिता पोषक और धर्माचार्य—इन तीनोंके
उपकारका बदला देना असंभवप्राय है। —(स्थानांगसूत्र, सूत्र ११५)

स्वर्गीय
लाला रतनचन्दजी
का
संक्षिप्त परिचय

लाला रतनचन्दजी का जनम चैत्र शुक्ल अष्टमी विक्रम संवत् १९४५ को अमृतसर में हुआ। जिनके पिता का नाम लाला जगन्नाथजी था और माता का नाम जीवनदेवी है। बचपन से ही आप बहुत होनहार और प्रतिभाशाली बालक थे। १२ साल की छोटी सी अवस्था में ही आप अपने पिताजी के साथ मूंगा के कारोबार में शामिल हो गये। १७ वर्ष की आयु में ही कलकत्ता जैसे बड़े शहर में अकेले जाकर पारिवारिक कारोबार की उन्नति की।

आपने न केवल व्यवसाय में ही बल्कि अनेक सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भी सदा बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और हर जगह पूर्ण सफलता प्राप्त की। पंजाब की समस्त जैन सम्प्रदाय में आप सर्वप्रिय थे। पंजाब एस एस जैन सभा में आपने बहुत काम किया और अपने साथियों की सहायता से बहुतसी सामाजिक कुरीतियों को जड़ से उखाड़ने में सफलता प्राप्त की। जिस वर्ष आप की मृत्यु हुई आप सभा के प्रधान थे।

आप अपने धर्म के पक्के विशाल हृदय और प्रगतिशील विचार के आदमी थे। आप कभी किसी का बुरा न सोचते। कई बार विचारधारा की भिन्नता के कारण अपने साथियों से गुस्सा हो जाते, परन्तु जल्दी ही उसे भूल जाते और कभी बदले की भावना मन में न रखते थे।

सन् १९११ में All India S. S. Jain's Conference ने जब अजमेर में साधु सम्मेलन करने का विचार किया था तो उस सिलसिले में कमेटी साधुओं को संमेलन में एकत्रित करने के लिये व उस को सफलता देने के लिये भ्रमण में गई थी पंजाब की ओर से चुने गये उस कमेटी के मेम्बरों में एक अग्रणी आप भी थे। जिन्होंने सारे भारतवर्ष में भ्रमण कर के उस साधु–संमेलन की सफलता के लिये काम किया।

व्यापार में आप हमेशा सत्यवादी थे और अपने सद्गुणों के कारण अपने कार्यों को बहुत तरक्की दी। जिस को उन के सब से छोटे भाई लाला हंसराजजी के नेतृत्व में सारा परिवार तरक्की पर ले जा रहा है।

पूज्य सोहनलाल जैन धर्म प्रचारक समिति–वाराणसी के आप स्थापकों में से थे और जीवनभर समिति के हर काम में पूरा पूरा हिस्सा लेते रहे। आप के इसी प्रेम के कारण आप के सारे परिवार को समिति के साथ विशेष अनुराग है और उन के भाई लाला हरजसरायजी के नेतृत्व में वे सब समिति के काम में पूरा सहयोग दे रहे हैं।

लाला रतनचन्दजी का स्वर्गवास १६ फरवरी १९४१ ईसवी को अमृतसर में हृदय की गति रुक जाने से हुआ।

प्रस्तुत पुस्तकमें महाकवि धनपालका जीवन वृत्तान्त दिया गया है। उसकी हिन्दीभाषाकी शुद्धिके लिये एम. बी. आर्ट्स् कोलेज के हिन्दी के प्रधान अध्यापक भाई रणधीरभाईने जो सहायता दी है उसके लिये मैं उनका सविशेष आभारी हूँ।

बेचरदास

पाइअ–लच्छीनाममाला

प्राकृतकोश का प्रकाशन

१

आजकल प्राकृतभाषाओं का अभ्यास बढ़ रहा है. जिनधर्ममंदिरों महाविद्यालयों तथा विद्यापीठों तक प्राकृतभाषाके अभ्यासकी व्याप्ति हो चुकी है. उसके कई छोटे बड़े प्राचीन व्याकरण भी प्रकाशित हो गए हैं, ये सब व्याकरण संस्कृत के माध्यमसे लिखे गए हैं, अतः सबको सुगम नहीं होते, इसी कारण से कई संस्थाओंने तथा पंडितोंने लोकभाषा गुजराती, हिन्दी तथा बंगाली में भी प्राकृतभाषाओंके छोटे मोटे व्याकरण सबको सुगम हो इसके लिए रच कर प्रकाशित किए हैं. हमारे सहाध्यायी और प्रियमित्र स्व. पंडित हरगोविंददासजी सेठने 'पाइअसद्दमहण्णवो' (प्राकृतशब्द महार्णव) नामका एक अच्छा बड़ा कोश भी हिंदी में बनाकर प्रकाशित किया है। यद्यपि यह कोश आजकल महंगा है और दुर्लभ—दुर्लभ भी है। फिर भी यह कोश विद्यार्थियों का तथा विद्वानों को प्राकृतभाषाके अध्ययनके लिए बड़ा सहायक बना है.

इस प्रकार प्राकृतभाषाके अभ्यासके लिए वर्तमान में अच्छी साधन-सामग्री उपलब्ध है। फिर भी छोटे व्याकरण की तरह प्राकृत भाषाके एक छोटे कोशकी अपेक्षा बनी रहती है, जिसको सब विद्यार्थी व अध्यापक खरीद सकें. यह कोश हिंदीमें भी हो और अंग्रेजी में भी हो यह भी अपेक्षित है इस अपेक्षा को ध्यानमें रख कर यह एक छोटा प्राचीन प्राकृत शब्दकोश प्रकाशित किया जा रहा है. कागज तथा छपाई वगैरह का व्यय अत्यधिक बढ़ जाने पर भी इस कोश को अधिक उपयोगी बनानेका विचार किया है, जिससे सब छात्र व अध्यापक इसका उपयोग कर सकें तथा वे अपने प्राकृतभाषाके अभ्यासमें समुत्साहित होकर आगे बढ़ सकें.

प्राकृतकोश के प्रकाशन का इतिहास

२

यद्यपि भारतीय जनता विद्याप्रेमी नहीं है ऐसा नहीं, 'विषयाऽमृत-मस्तुत न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते पढमं नाणं तओ दया' (प्रथम ज्ञानम् तत दया) इस प्रकारकी घोषणाएं भी भारतीय जनता आज हजारों वर्षों से सुनती आइ है, फिर भी पूर्व की अपेक्षा आज कल पश्चिममें जिस प्रकार ज्ञानभानु वा विज्ञानभानु उदित होकर अधिकाधिक चमकता रहा है इसका वर्णन करना कठिन है पश्चिमके पंडितोंने बडी बडी कठिनाइयों को सहकर भी पूर्व के विविध शास्त्रोंके अतिशय सुंदर संपादन व प्रकाशन किये हैं तथा वर्तमान में भी करते हैं ये संपादन व प्रकाशन इतनी उत्तम कोटिके होते हैं जिनको पढकर हम तो आनंदविभोर हो जाते हैं और लज्जासे अधोमुख भी.

ये पश्चिमके लोग हमारी परिभाषामें अनार्य हैं या म्लेच्छ हैं तो भी उनकी ज्ञानपिपासा कितनी उत्कटतम है, यह सोचकर आनंद होता है और हम आर्य–आर्यत्वके बडे अभिमानी होकर भी हमारे ही ग्रन्थों के उत्तमोत्तम प्रकार के प्रकाशनमें व संपादनमें कितने मंदतम है, इस सोचसे अधोमुख ही होना पडता है

देखिए पश्चिम के पंडितोंका कितना बडा पुरुषार्थ है कि आजसे करा-बर अस्सी वर्ष पूर्व अर्थात् ईसवीसन् १८७९ में डॉ. बुल्हर महाशयने बडे प्रयत्नसे पाइयलच्छीनाममाला (प्राकृतलक्ष्मीनाममाला) नामका महाकवि धनपालविरचित एक छोटा कोश मूलसहित पाठांतरसहित अपने देशमें छपा और उसमें अंग्रेजीमें अर्थोंके साथ एक अकारादि शब्दानुक्रम भी लगा दिया

अधिक आश्चर्य की बात तो यह है कि जब हमारे देशके पंडितगण प्राकृत किस चिडिया का नाम है यह जानते थे या नहीं यह विचारा-स्पद है और जो जानते थे वे जैन मुनिमहाराज तो बिलकुल इस प्रकाशनके

शोस सर्वथा अनभिज्ञ थे और जैन श्रावक तो शास्त्रको पढ़ते ही नहीं थे. ऐसी परिस्थितिमें एक जर्मन पण्डितने इस प्राकृत कोशका अच्छेसे अच्छा संपादन व प्रकाशन किया है. दुःखी तो यह है कि भारतीय पंडित व मुनिजन सदाकाल सरस्वती पूजनमें और ज्ञानपंचमी के पूजनमें बड़ा रस रखते आए हैं. फिर भी उनको अपने शास्त्रों का अच्छा प्रकाशन व संपादन का कार्य नहीं सूझा, इतना ही नहीं कुछ पंडित तो ऐसे भी विद्यमान थे जो प्रकाशन प्रवृत्ति के ही खिलाफ थे ऐसी भारी अज्ञानदशामें हो सुन्दर महात्मने इस कोशको छाप कर हम पर बड़ा ही उपकार किया है ऐसा कहने में व मानने में अवश्य भी अयुक्ति नहीं है

आजसे चमालीस साल पहिले अर्थात् विक्रमसंवत् १९७१ में हमने ही पी. बी. एम् महाशयोंकी मंडलीके नामसे फिर उस कोशको अच्छी तरहसे संशोधित करके और साथमें प्राकृत शब्दों के संस्कृत समानरूपोंको तथा गुजरातीमें अर्थ को दे कर और शब्दोंका अकारादि अनुक्रम लगाकर के छपवाया था. यह हमारा प्रकाशन अभी सर्वथा अप्राप्त है.

उसके बाद विक्रम संवत् २००३ में इस कोश को श्रीकेसरबाई जैन ज्ञान मंदिर पाटण (उत्तर गुजरात) ने फिर छपवाया उसमें संपादकने संस्कृत के समानशब्दों के साथ कारादिक्रम प्राकृत शब्दों का अनुक्रम नहीं दिया है इस प्रकारके संपादनसे पुस्तक तो तैयार हो जाती है परंतु कौन शब्द किस जगह है इसका पता कोई विद्यार्थी व अन्य जिज्ञासु कैसे लगा सके! बिना शब्दानुक्रम दिये यह कठिनाई दूर नहीं होती.

भाई शांतिलालजी जैन का सत्कार

(१)

अब हम फिरसे इस कोश का प्रकाशन कर रहे हैं. हमारे परममित्र और जैनधर्म के यथार्थ प्रेमी तथा जैनसमाज के प्रसिद्ध भाई शांतिलालजी जैन (अमृतसर वाला—संचालक मा. मि. एम. बरड एंड कं० बंबई) की संपूर्ण आर्थिक सहायता पाकर हम इस प्रकाशनको तैयार करनेमें समर्थ

हुए हैं इस काममें उनकी प्रेरणा तथा सहायता न होती तो हम इस कामको नहीं ही कर पाते. अतः कोशके उपयोग करनेवाले विद्यार्थी व जिज्ञासु गण तथा हम भी मान्य शार्दूलमलजी बैनके बडे आभारी हैं और हम आशा करते हैं कि सानुवाद प्राकृतव्याकरण (आ हेमचंद्र कृत) इत्यादि और भी ऐसे उपयोगी ग्रंथोंके प्रकाशन करने में वे जरूर इस प्रकारकी अपनी सहायता देनेकी परंपरा चालू रखेंगे.

प्रस्तुत संपादन का परिचय

४

इस संपादन को हमने अपने प्रथम संपादनके ढंगसे प्रकाशित किया है. शब्दों के अर्थ प्रत्येक पन्नेमें हिंदीमें दिये हैं तथा पीछे कोशमें आए हुए सभी शब्दोंका अकारादि क्रमसे अनुक्रम तथा हिंदी और अंग्रेजी इन दो भाषाओंमें अर्थ बताया है. अब कोई विद्यार्थी हिंदी नहीं जानता ऐसी बात नहीं है– गुजरातके क्या और महाराष्ट्रके क्या सभी विद्यार्थी हिंदी अनिवार्य रीतिसे पढते हैं अतः हिंदीमें अर्थ बताना समुचित है और जो विद्यार्थी व जिज्ञासु हिंदी नहीं जानते परंतु नागरी लिपि जानते हैं और प्राकृतभाषाके अभ्यासमें रस रखते हैं ऐसे दाक्षिणात्य प्रांत के तथा पश्चिम के जिज्ञासुओं के लिए हमने अंग्रेजीमें भी अर्थ बताना समुचित समझा है. अंग्रेजीके अर्थ के लिए हमने जो पुस्तककी शाब्दिक सहारा लिया है उसकर्म साहत जो पुस्तकके हम सविशेष आभारी हैं. हम खुद इतना अच्छा अंग्रेजी नहीं जानते हैं, इससे अंग्रेजीके द्वारा अर्थप्रदर्शन में हमारी अनेक गलतियाँ जरूर हुई होंगी, इसके लिए हम सब जिज्ञासुओंसे क्षमा मांगते हैं तथा इस संबंधमें सूचन करने की भी उनको सविनय विनंति करते हैं.

मुनि श्रीजिनविजयजी का सूचन

५

पहिले तो हमारा विचार केवल हिंदीमें ही अर्थ देनेका था, परंतु जो

एक फारम कोशके छप चुके तब हम हमारे स्नेही और माननीय मुनिश्री जिनविजयजीके पास वे फारम लेकर उनके अनेकांत विहारमें (अमदावाद) पहुंचे मुनिजीने फारम को देख कर प्रसन्नता प्रकट की और हिंदी के साथ अंग्रेजीमें भी अर्थ देनेकी खास प्रेरणा की. उनकी यह प्रेरणा हमको भी समुचित जंची अत छपे हुए उन दो फारमों को हमने रद कर दिये और शुरूसे अंग्रेजी में अर्थ लगाकर कोश का प्रकाशन किया श्रीमुनिजी के उक्त सूचनके लिए हम इधर उनका सादर स्मरण करते हैं

सहायक

१

कोशकी सारी प्रेसकॉपी तथा शब्दानुक्रमकी भी सारी प्रेसकॉपी हमारी छोटी पुत्रवधू चि. पुष्पा परिवन बड़े उत्साहसे कर दी है तथा हमारे विद्यार्थी भाई कानजी मथुराराम पटेल (बी. ए. अर्धमागधी ओनर्स) ने कोशके अंग्रेजी अर्थवाले भागकी सारी प्रेसकॉपी करने में तथा उसके संशोधनमें पूरी मेहनत की है एतदर्थ हम उक्त दोनों महानुभावोंका इधर सस्नेह स्मरण करना खास समुचित समझते हैं छपने के लिए शारदामुद्रणालय के मालिक और हमारे स्नेही भाई गोविंदभाई शाह तथा सुप्रसिद्ध लेखक भाई बालाभाई (जयभिक्खु) देसाईने वसंतप्रेसमें प्रबंध कर दिया है. वे प्रबंध न कर देते तो हमसे कोश का प्रकाशन नहीं हो सकता यह निश्चित हकीकत है अतः एतदर्थ उन दोनों महाशयों के भी हम सविशेष ऋणी हैं। वसंतप्रेसके फोरमेन भाई शांतिभाईने भी हमारे इस काममें दिलचस्पी लेकर यथाशक्य कामको अच्छी तरहसे संपन्न करने में योग दिया है अत इन भाई का भी नामस्मरण इधर अवश्य करना चाहिए.

१२ ब भारतीनिवास
अमदावाद ६
सप्टेंबर १९५९

संपादक

प्राकृत भाषा का संक्षिप्त परिचय

१

प्रकृति शब्दका अर्थ स्वभाव है अर्थात् जो भाषा मनुष्यकी स्वाभाविक है उसका नाम प्राकृत भाषा–तात्पर्य यह हुआ कि जो भाषा जिनकी मातृभाषा है– जन्मते ही जो भाषा जिनको अपनी माताओंसे प्राप्त है– जिस भाषाको बोलने के लिए किसी भी प्रकार की किताबों का अभ्यास जरूरी नहीं है उस भाषाका नाम प्राकृत भाषा प्राकृत शब्दका ऊपर जो अर्थ बताया गया है वह उसका यौगिक अर्थ है– नामानुरूप अर्थ है

इस अर्थको लेकर जगतकी सब मातृभाषायें प्राकृत के अर्थमें आ जाती हैं– क्या गुजराती, क्या मराठी, क्या बंगाली, क्या अंग्रेजी और क्या रूसी वगैरह सब भाषाएं जिन जिनकी मातृभाषारूप हैं वे उन उनके लिए प्राकृतरूप हैं

प्रस्तुत में जिस भाषाका संक्षिप्त परिचय देना है वह एक समय में भारतीय आमजनताकी बोलचालकी–जन्मजात–भाषा थी, अतः यद्यपि वह भाषा वर्तमान में किसीकी भी मातृभाषा नहीं है–जन्मजात भाषा नहीं है तो भी उसके पूर्वके स्वरूपको लक्षकर वह वर्तमानमें जन्मजात भाषा न होकर भी 'प्राकृत' शब्दसे प्रसिद्धि पा चुकी है—

यह भाषा वर्तमानमें केवल साहित्यिकरूप में विद्यमान है– नाटकोंमें, जैनग्रंथोंमें तथा बौद्ध पिटकग्रंथोंमें विशेषत प्राकृतभाषा का व्यवहार हुआ है.

वर्तमानमें हमारी भारतीय आर्यभाषानुसार सब भाषाओंके विकासके मूलमें यह ही भाषा है–गुजराती मराठी सिंधी पंजाबी बंगाली वगैरह भाषाओंमें द्विवचनका कोई अलग रूप नहीं है– प्राकृत में भी द्विवचनका कोई अलग रूप

नहीं हैं भूतकालके तथा भविष्यकालके विविध प्रकार उक्त भाषाओंमें नहीं हैं— प्राकृत में भी भूत भविष्यके कोई विविध प्रकार नहीं हैं उक्त भाषाओंमें निसर्गत संयुक्तव्यंजन युक्त शब्द अत्यंत कम हैं— जो अभी अधिकाधिक दृष्टिगत होते हैं वे संस्कृतके संसर्गसे आये हुए हैं— प्राकृत भाषामें भी संयुक्तव्यंजन युक्त शब्द अत्यंत कम हैं. क्रियापदों के प्रयोगोंमें उक्त भाषाओं में कोइ अटपटी व्यवस्था नहीं है—सरल समान व्यवस्था है— प्राकृत भाषामें भी क्रियापदोंके सब प्रयोग एकदम सरल सुगम हैं नामोंके रूप तथा प्रत्यय उक्त भाषाओंमें करीब करीब समान होते हैं—प्राकृत भाषामें भी नामोंके रूप तथा प्रत्यय करीब करीब समान—सुगम होते हैं. हमारी वर्तमान उक्त सब भाषाओं के साथ प्राकृतभाषाका तुलनात्मक अन्वेषण व परीक्षण करनेसे उन भाषाओंके साथ प्राकृत भाषाका विशेष अनन्तर संबंध स्थापित हो चुका है. अत उक्त भाषाओंके इतिहासको बराबर समझने के लिए, हमारे पूर्वजों के साहित्य को समझनेके लिए और हमारी संस्कृतिके स्वरूपको समझने के लिए भी प्राकृतभाषाका अभ्यास अनिवार्य है.

इसी हेतुसे जिनमंदिरोंसे लेकर विद्यापीठों तक के अभ्यासक्रममें प्राकृत भाषाका अभ्यासक्रम नियत किया गया है गहराइसे तुलनात्मक परीक्षण द्वारा भाषाशास्त्रके अन्वेषकोंने भी वेदोंकी भाषाके साथ प्राकृतभाषा का घनिष्ठ संबंध सिद्ध कर बताया है इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि प्राकृतभाषा कितनी प्राचीन है.

देखिए —

वैदिकरूप		प्राकृतरूप
	क्रियापद	
१ हनति		हनति हणति हणइ
२ शमते		समते, समए
३ भेदति		भेदति—भेदइ

४ मरते	मरते, मरति
५ याति	याति—याइ
६ वाति	वाति—वाइ
७ मोमते	मोमते—मोमए
८ वर्धन्तु	वड्ढंतु
९ वर्धते	वड्ढते, वड्ढए
१० कृणोति	कुणति
११ भिन् (धातु)	भिण्
१२ मथीत्	मथीअ
१३ दुहे	दुहिरे
१४ कर्त्वे	कत्तवे कातवे करिणए

नामरूप

१५ पनिना	पनिना पइणा
१६ गोनाम्	गाणं, गुणं गोणं
१७ युष्मे	तुम्हे
१८ अस्मे	अम्हे
१९ ग्रीवाम्	गिवाइ, गिवं
२० नावया	नावाम नावाए
२१ देवेभिः	देवेहि
२२ इमाम्	इमं, इमं
२३ आसर्वभिः	आसाहिं
२४ मासम्	मांसं
२५ सा चित्	सो चि

उक्त वैदिकरूपों का व्यवहार मात्र वेदमें होता है. प्राकृतों का कालकी कैसे कोई सामरीय साहित्यमें नहीं होता है. उक्त वैदिक क्रियापदोंके तथा

नामरूपों के स्थानमें कालिदास या बाणभट्ट जिन रूपोंका प्रयोग करते हैं वे अनुक्रमसे इस प्रकार हैं—

१ हन्ति
२ शेते
३ भिनत्ति
४ म्रियते
५ दधाति
६ ददाति
७ मुञ्चते
८ वर्धन्तु
९ कर्ति

१० करोति
११ जि (धातु)
१२ अमम्नात्
१३ दुहन्ति
१४ कर्तुम्
१५ पथ्या
१६ गवाम्
१७ यूयम्

१८ वयम्
१९ ग्रावाणम्
२ भाषा
२१ देवै
२२ इतरत्
२३ मौपर्यामि
२४ मांसम्
२५ सं चित्

महावैयाकरण श्री पाणिनि तथा अन्य पतञ्जलि महाभाष्यकार, कालिदास बाण वगैरह पण्डितगण इन शब्दप्रयोगों को लौकिक प्रयोगरूप या संस्कृतरूप कहते हैं

ऊपर जो वैदिकरूप प्राकृतरूप तथा संस्कृतरूप दिए गए हैं वे परस्पर अत्यधिक समान हैं, भेद है तो थोड़ा बहुत उच्चारण की शैलीका भेद है, इस प्रकार थोड़ा बहुत शैली भेद से इन रूपोंको लौकिक या संस्कृत कहना तथा वैदिक व प्राकृत रूपों को अलौकिक या असंस्कृत कहना क्या ठीक प्रतीत होता है ? इस प्रकार भेद करनेसे मानवके चित्तमें भाषाविषयक एकता के स्थान में भेद आता है और यह भेद बढ़ते बढ़ते विषमता का रूप लेता है और वर्तमान में इस भेदका नतीजा यह हुआ है कि एक समाज अमुक भाषा को देवभाषा व उत्तम भाषा समझता है और अन्य भाषाको अनुत्तम भाषा समझता है– नीच भाषा समझता है– परिणाम यह हुआ है कि हमारे वर्तमान पण्डित लोग अपने ग्रामीण बंधुओं की भाषा से सर्वथा अनभिज्ञ होनेसे उनसे एकदम विच्छिन्न हो गए हैं और उनको अज्ञानी समझने तक लग गए हैं– यह पाप, कोई कम अनर्थ नहीं माना जा सकता–

यह तो एक प्रकारका देशद्रोह है व आत्मघात है.

दूसरा परिणाम यह हुआ है कि जिन जिन नाटकों में प्राकृतभाषा का प्रयोग हुआ है, संपादक लोग उन प्रयोगों की तरफ उपेक्षित भाव रखकर उनको बराबर समझनेकी कोशिश नहीं कर पाते, अत नाटकों में आए हुए प्राकृत गद्य भाग के प्रयोग तथा पद्य भाग के प्रयोग प्राय आजतक अशुद्ध ही छपते आए हैं और अभी भी अशुद्ध ही छप रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि उन उन नाटकों के इतिकार भी किया ही समझ बुसे प्राकृतप्रयोगों की मनमानी वृत्ति लिख गए हैं जो व्याकरण की दृष्टि अधिकतर शुद्ध नहीं हैं

मेरी समझमें तो ऐसा भाता है कि प्राचीन भाषाओं के प्राकृत संस्कृत अपभ्रंश ऐसे नाम न देकर देशभाषा लोकभाषा जनपदभाषा शास्त्रीयभाषा ऐसे ही नाम प्रचारित करना जरूरी हैं, जिससे प्राचीन भाषा विषयक हमारी मिथ्या अस्मिता व सीमावाली कम हो जाय भाषाका प्रयोजन अर्थबोधन है विचारों को व्यक्त देखें व प्राचीन लोगों के विचार समझने में भाषा एक माध्यमरूप है और भाषाकी सार्थकता इसीमें ही है, इससे ज्यादा किसी भी भाषाका मूल्य ही नहीं है चाहे वह भाषा वेदकी हो जैन व बौद्ध शास्त्रोंकी हो अथवा किसी भी आदिवासीकी हो या किसी ग्रामीण जनकी हो.

प्राकृत का एक व्यापक अन्य अर्थ भी इस प्रकार है पुरानी वैदिक भाषा और शास्त्रीय आर्षशास्त्रानुगत कोई भी हमारी वर्तमान अर्वाचीन भाषा—इन दो भाषाओं के बीच की संक्रमणारूप—अनुसंधानात्मक—जो भाषा है इसको भी प्राकृत नाम दे सकते है

प्राचीन पंडितों के बनाए हुए जो जो प्राकृत व्याकरण वर्तमानमें उपलब्ध हैं वे सब संस्कृत के माध्यमसे किये गए हैं और उन सबमें अमुक अमुक परिवर्तन की प्रक्रिया संस्कृत शब्दों को माध्यम रखकर बताई गई है. अत उन प्राचीन पंडितोंने प्रकृति संस्कृतम् ऐसा भी निर्देश किया है. यह निर्देश केवल माध्यम सापेक्ष है.

किसी अंग्रेज को संस्कृत समझाना हो तो अंग्रेजी शब्दों को माध्यम करके 'काउ' के स्थानमें 'गो' 'कैमल' के स्थानमें 'क्रमेलक', 'स्वेट' के स्थानमें 'स्वेद' त्रि' के स्थानमें 'थ्री' 'फाधर' के स्थानमें 'पितर' इत्यादि बताके समझाना सुगम होता है, इसी प्रकार संस्कृत जानने वालोंको प्राकृतभाषा समझाने के लिए संस्कृत का माध्यम सुगम रहता है इसी हेतु से उन उन प्राकृत व्याकरणोंमें संस्कृतको माध्यम बनाया गया है बाकी प्रकृति प्रयोगका संस्कृतम् अर्थ कभी भी घटता नहीं और किसी भी कोशमें वा ग्रंथमें उसका ऐसा अर्थ निर्दिष्ट भी नहीं. अतः ऊपर कहा गया है कि प्रकृति का संस्कृतम् अर्थ माध्यम सापेक्ष है स्वत नहीं. स्वतः तो प्रकृति का अर्थ स्वभाव ही प्रसिद्ध है और प्रचलित भी है.

प्राकृत शब्दों के प्रकार

२

हरेक भाषामें यौगिक शब्द होते हैं और रूढ तथा मिश्र भी होते हैं. यौगिक का अर्थ है कि जिन शब्दो की व्युत्पत्तिका हमको पता है रूढ का अर्थ है कि जिन शब्दोंकी व्युत्पत्तिका हमको पता नहीं है. मिश्र शब्द वे हैं जिनकी व्युत्पत्तिका हमको कुछ अंशमें तो पता है और कुछ अंशमें पता नहीं है. वैदिक भाषा, प्राकृत भाषा तथा संस्कृत भाषा इन तीनो भाषाओं में भी इन तीनो प्रकारके शब्द हैं रूढ शब्दका दूसरा नाम देश्य शब्द है. प्रस्तुत कोशमें इन तीनों प्रकारके शब्द पाए जाते हैं शब्दकोशमें अनुक्रममें जहां* ऐसा निशान किया है वे सब देश्य शब्द हैं बाकी के शब्दों में से कई शब्द संस्कृत शब्दों के साथ सर्वथा समान हैं और कई शब्द अक्षरांशमें ही समान हैं उन सब शब्दों का एक नाम इधर संस्कृतसम वा तत्सम रक्खा गया है. शब्दानुक्रममें प्रत्येक शब्द के साथ संस्कृतरूप सर्वत्र बताए गए हैं, इसको देखने से इन सब तत्सम शब्दों का पूरा परिचय हो सकेगा

कोश की रचनाशैली

१

कोशकार धनपाल महाकविने प्रारंभकी दूसरी गाथासे लेकर १८॥—साढ़ अठारह गाथा तक सारी—पूरी—गाथा द्वारा अमुक अमुक अर्थके पर्याय शब्द बताए हैं. बादमें २ वीं गाथा से लेकर ९३॥—साढ़ तेरानवीं—गाथा तक गाथा के आधे आधे चरण द्वारा अर्थात् पूर्वार्ध द्वारा और उत्तरार्ध द्वारा अमुक अमुक अर्थके पर्याय शब्द सूचित किए हैं फिर ९५—पंचानवीं गाथासे लेकर २७५वीं गाथा तक प्रत्येक गाथाके एक एक चरण द्वारा—एक एक चरणद्वारा अमुक अमुक अर्थके पर्याय शब्द बताए हैं. इस बातकी सूचना कोशकारने स्वयं कोशमें ही दी है. यह बात पृ० २ में तथा पृ० ११ में *इस निशान का जो टिप्पण दिया गया है उसको देखने से अधिक स्पष्ट हो जायगी.

अमुक अर्थके कितने नाम कोशकारने दिए हैं इस बातकी सूचना करने के लिए कोशके टिप्पणमें हमने सर्वत्र पर्यायोंकी संख्या के निर्देशके साथ एक शब्द को स्पष्टरूपसे बताया है. जैसे १ पृ० २ ब्रह्मा १ अर्थात् ब्रह्मा के दस नाम पर्यायरूप बताए है १ पृ० ११ मुक्ति ९—मुक्ति के ९ पर्याय बताए हैं. ११ पृ० १६८ अमरावती २—अमरावती के दो पर्याय सूचित किए है

जहां समूची गाथा पर्याय वाचक शब्दों को दरसाती है वहां हमने गाथा पर शुरू शुरूमें अंक लगाए हैं, जहां आधी गाथा पर्यायवाचक शब्दों का सूचन करती है वहां आधी गाथाके आदिमें अंक लगाए है तथा जहां गाथा का एक चरण मात्र पर्यायसूचक शब्दों को बताता है वहां सर्वत्र गाथाके प्रत्येक चरणके आदिमें अंक दे दिये गए है. ऐसे सब अंकोंकी संख्या ९९८ होती है.

कोशकारकी व्यापक मनोवृत्ति

४

कोशकार धनपालने प्रथम गाथामें (पृ १) नाभिसंभवं शब्दसे जैन तीर्थंकर श्री ऋषभदेवका या ऋषभदेवका जो नाभिराजा के पुत्र थे-- स्मरण किया है तथा पुरुषोत्तम नाभिजन्मा ब्रह्माका भी स्मरण किया है. कोशग्रंथ सर्व व्यापक है, इसको सब कोइ पसंद हैं अत इस सर्व व्यापी दृष्टि को लेकर जैनधर्मानुयायी होने पर भी कोशकारने दोनों देवोंका जो समादर भावसे स्मरण किया है वह सर्वथा समुचित ही है. और साथमें पुरिसुत्तम (पुरुषोत्तम) शब्द से श्रीकृष्ण भगवानका स्मरण करना भी चतुर कोशकार नहीं चुके हैं. यही तो इनकी विशाल मनोवृत्तिका पोषक है. अर्थात् प्रथम पद्य मंगलरूप है.

अंतके २७६ से २७९ तक के पद्योंमें ग्रंथकारने अपना समय, अपना नाम तथा यह कोश किसके लिए बनाया है इत्यादिका सूचन किया है

कोशमें सब मिलकर शब्दपर्यायसूचक २७५ पद्य हैं.

क्षमाप्रार्थना

५

हमने टिप्पणमें अर्थ बताया है और अकारादि क्रमयुक्त शब्दकोशमें भी अर्थ बताया है. इसमें कहीं कहीं कोई विसंवाद भी हो गया है तथा किसी प्रकार की हिन्दी भाषा की तथा अन्य भूलें रह गइ हों तो उससे हमारे हमसमान समझवाले विद्यार्थी गणको व सब जिज्ञासुओं को थोडी बहुत तकलीफ जरूर होगी परंतु "सहमूर्भर्मिरदुर्बोधा" न्यायसे ऐसा होजाना अनिवार्य सा है, तो इस तकलीफ को वे सहन करनेकी जरूर कृपा करें और जरूरत लगे तो सुधारने के लिए संपादकको सूचित करने की भी क्षमा करें

नम्र

बेचरदास दोशी

कोशकार महाकवि
धनपाल

धनपाल महाकविने स्वयं ही इस कोश के प्रांत भाग में अपने नामका समयका तथा कोश के आदि श्लोक में कोश के नामका जो सूचन किया है वह इस प्रकार है —

> विक्कमकालस्स गए अउणत्तीसुत्तरे सहस्सम्मि ।
> मालवनरिंदधाडीए लूडिए मन्नखेडम्मि ॥
> धारानयरीए परिट्ठिएण[1] मग्गे ठियाए अणवज्जे ।
> कज्जे कणिट्ठबहिणीए 'सुंदरी' नामधिज्जाए ॥
> कइणो अं ध ज ण कि वा कुस ल त्ति पयाणमंतिमा वण्णा ।
> नामम्मि जस्स कमसो तेणेसा विरइया देसी ॥
>
> —(पाइअलच्छीनाममाला गा. २७६-२७८)

तथा

शुरू की प्रथम गाथामें लिखा है कि —

> वुच्छं 'पाइअलच्छि' त्ति नाममालं निसामेह ॥

अर्थात् विक्रमसंवत् १ २९ में जिस समय मालवराजने लूट करके मन्नखेड-मान्यखेट (मलखेड. नि. नासिक या पैठ) नगर पर हमला करके उस नगरको नष्ट किया तब कोशकार धनपाल धारा नगरी में प्रतिष्ठितरूपसे

---

१ अणवज्जे मग्गे परिट्ठिएण इस प्रकार भी अन्वय कर सकते हैं अर्थात् निर्दोष मार्ग पर प्रतिष्ठा पाये हुए धनपालने ऐसा भी अर्थ बराबर है

२ कोश के अन्तमें इन गाथाओं का अर्थ सूचित किया है उसको इस अर्थके अनुसार समझ लेना तथा संशय करना चाहिए. (संपा)

रहत थे और निर्दोष मार्ग पर प्रतिज्ञा के साथ स्थित थे उसकी छोटी बहन सुंदरी निरवद्य मार्ग पर यानि धर्ममार्ग पर रही हुई थी, उस समय अपनी छोटी बहन सुंदरी के लिए धं प व ल प कि वा कुल म इन शब्दों के अन्तिम अंतिम वर्ण अनुक्रमसे जिस कवि के नाममें लगे हुए हैं उसने अर्थात् धनपाल-धनपालने इस देशी (भाषाके कोश) की रचना की.

पूर्वोक्त प्रथम गाथामें ही " पाइअलच्छी का कहूंगा " ऐसा कह कर के कोशकारने ही इस कोश का पाइअलच्छी (प्राकृतलक्ष्मी) नाम सूचित किया है इस कोशमें देशी या देश्य शब्द भी दिए गए हैं अत इसका दूसरा देशी नाम भी ग्रंथकारने ग्रंथ के अन्त भागमें बताया है अथवा प्राकृतभाषा देशकी—जनपदकी—भाषा है ऐसा सूचन करने के लिए भी ग्रंथकारने 'देशी' नाम बताया हो यह असंभवित नहीं.

उक्त पद्योसे-धनपालने ग्यारहवीं सदी में इस कोश की रचना की—ऐसा सुनिश्चित रूपसे प्रतीत होता है तथा उसकी छोटी बहनका नाम 'सुंदरी' था यह भी निश्चित होता है. उस समय मालव नरेशने मान्यखेट नगर पर छापा आक्रमण किया था ऐसी भी सूचना मिल जाती है.

क्योंकि धनपालने इस कोश को १ २९ में रचा है इसलिए उसका जन्मसमय दसवीं सदीमें माननेमें कोई बाधक प्रमाणका होना संभव नहीं जान पड़ता. कोशकार धारानगरी के प्रतिष्ठित पुरुष हैं और निर्दोष मार्ग पर चलनेवाले हैं ऐसा भी परिट्ठिएण तथा अगवज्जे मग्गे परिट्ठिएण पद से सूचित होता है और कोश की रचना धारानगरी में हुई है यह बात भी धारानयरीए पदसे सूचित होती है.

धनपालकी छोटी बहन प्राकृत भाषाकी विद्यार्थिनी थी, संभव है वह संस्कृत भाषाको अच्छी तरह जान चुकी होगी. तथा धनपालकी पुत्रीने धनपालरचित तिलकमंजरी नामक कथाकी अपनी स्मृति के बलसे रक्षा की थी. इससे मालूम होता है कि धनपालका कुटुंब एक प्रकारका सारस्वती

मेरुस्वरूप बना हुआ था.

श्रीप्रभाचन्द्रसूरि द्वारा विक्रमसंवत् १३३४ में किए गए प्रभावकचरित्र में *श्रीमहेन्द्रसूरिजीका सविस्तार प्रबंध दिया गया है* उस प्रबंध में महाकवि धनपाल के जीवनका वृत्तांत जिस प्रकार दिया गया है उसका सार इस प्रकार है

मध्यदेश में संकाश्य नाम के स्थानमें (गांवमें) रहनेवाला देवर्षि नामका एक ब्राह्मण था वह किसी प्रकार के व्यावहारिक कारणसे मालवदेशकी राजधानी धारा नगरीमें आकर रहता था उसके पुत्रका नाम सर्वदेव था. सर्वदेवके दो पुत्र थे। एक धनपाल और दूसरा शोभन.

एक समय चैत्रगच्छ के आचार्य श्रीमहेन्द्रसूरि ग्रामानुग्राम विहार करते करते सर्वदेव के स्थान में अर्थात् धारानगरी में आए. सर्वदेव ब्राह्मणने श्रीमहेन्द्रसूरिकी प्रतिष्ठा तथा व्याख्यान शक्तिका प्रभाव सुना वह ब्राह्मण आचार्य के समागम के लिए उपाश्रयमें गया. और तीन दिन तथा तीन रात्रि तक उपाश्रयमें ही समाधिमग्न होकर रहा तब आचार्यने उससे पूछा कि क्या आप हमारा परीक्षण करने आए हैं या और किसी कार्यसे आए हैं?

सर्वदेवने कहा — महात्माओं के दर्शनसे सुकृतकी प्राप्ति होती है तथा मेरा निजका कार्य भी है इस लिए मैं आपके दर्शनके लिए आया हूं.

सर्वदेवने अपने कार्यका वृत्तांत कहते हुए आचार्य को कहा कि मेरा यह कार्य गुप्त है. मेरे पिता राजमान्य थे और लाखों की दक्षिणा पाते थे. अतः मेरे घरमें किसी भी जगह उस धनकी निधि गाड़ी हुई होनी चाहिए, मुझे उसका पता नहीं लगता, अतः आप कृपा कर के उस को बतलाइए.

आप परोपकारी हैं अतः इतना मेरा कार्य कर दें. आप धननिधिको बतलाएंगे तो इस दरिद्र ब्राह्मण के सारे कुटुंब को बड़ा आनंद होगा तथा हमारा दारिद्र्य भी दूर हो जायगा

आचार्य ज्योतिष शास्त्र तथा निमित्त शास्त्र के भी ज्ञाता थे, उनको यह मालूम हुआ कि मेरे प्रताप से इस ब्राह्मण द्वारा उत्तम शिष्यका लाभ होना संभव है

आचार्यने कहा कि आपका कार्य जरूर कर देंगे, परंतु आप हमको क्या देंगे? सर्वदेवने कहा कि उस सारी निधिका आधा भाग मैं आपको भेंट दूंगा तब आचार्यने कहा कि मैं आपकी वस्तुका आधा भाग मेरी इच्छासे पसंद करके लूंगा सर्वदेवने आचार्यकी बात को मान लिया और साक्षी भी नियत किये

आचार्यने सर्वदेव के मकान पर आकर जहां धननिधि गडी हुई थी उस जगह को बता दिया और वहां खोदन से चालीस लाख सुवर्णमुद्रा उस धननिधिसे निकली.

सर्वदेवने अपने वचन के अनुसार बीस लाख सुवर्ण मुद्रा आचार्य को देनी चाही. पर आचार्यने कहा कि मैं अपने वचन के अनुसार मुझे पसंद होगी ऐसी आपकी वस्तुका आधा भाग लूंगा इस विवाद में काफी समय बीत गया आखिर आचार्यने कहा कि आपके दो पुत्रों में से एक को मुझको दे दें.

आपकी देनेकी प्रतिज्ञा सच्ची हो तो जिस वस्तुको मैं मांगता हूं उस को दे दें यदि नहीं देना हो तो आप अपने घर चले जायें

सर्वदेव ब्राह्मण आचार्य की यह मांग सुनकर किंकर्तव्यमूढ हो गया और बडा चिंतित हो कर कहा आपको आपकी मांग के अनुसार आधा भाग दूंगा ऐसा कह कर अपने घर पहुंचा.

घर आकर चिंतातुर ब्राह्मण टूटीफूटी खटिया में पडकर सो गया जहां चिंता हो वहां निद्रा कैसे आवे? जब बडा लडका धनपाल राजप्रासादसे लौटकर घर पर आया तब पिताको चिंतातुर देखकर बोला पिताजी! मेरे

कैसे भाग्यान्वित पुत्र के होने पर भी आप चिंतित क्यों हैं? अपने विषादका कारण बताइए.

पिताने धननिधिकी तथा उसके संकेत वगैरह की सब बात कह दी और कहा कि धननिधिको लानेवाले जैनाचार्य तुम दो भाइयोंमें से एक भाईको मांग रहे हैं और मैंने ऐसा उनको वचन भी दे दिया है. तो हे पुत्र! अब तुम मुझको ऋणमुक्त कर दो

पिताके इस वचनको सुनकर धनपालको बड़ा गुस्सा आया और उसने बाप को थोड़ा डांटा भी.

धनपालने कहा कि हम लोग संकाशके रहनेवाले तथा चारों वेदों को जाननेवाले उत्तम ब्राह्मण हैं मैं राजा भोज का बालमित्र हूं और बड़ा प्रतिष्ठित ब्राह्मण हूं. ये जैनमुनि पतित शूद्रों के समान हैं, उनकी ऐसी निंदित प्रतिज्ञा के खातिर मैं अपने पूर्वजों को नरकमें रखना नहीं चाहता आपका यह कुव्यवहार है और सज्जनोंसे निंदनीय है अतः मैं आपके कथनानुसार नहीं कर सकता आप जानें व आपकी प्रतिज्ञा जाने.

इस प्रकार पिताका अपमान करके धनपाल वहांसे अन्य जगह चला गया और पिता सर्वदैव निराश हो गया तथा उसकी आंखोंसे आंसू टपकने लगे. इतने में धनपालका छोटा भाई शोभन वहां आ गया पिताने उसको वो बातें धनपालसे हुई थी सब कह दी और धनपालका डांटना भी सुना दिया. और अन्तमें कहा कि तुम तो अभी बालक हो अतः हमारी किसी प्रकारकी सहायता नहीं कर सकते. तो तुम जाओ और हम अपना किया आप ही भुगत लेंगे.

तब शोभनने अपने पितासे कहा कि आप मत घबराइए, मैं जरूर आपका वचन पालूंगा. मेरा बड़ा भाई राजमान्य है, कुटुम्ब के सारे भार को उठाने को भी वह समर्थ है, वह बड़ा पंडित भी है अतः उसने आपको कुछ

भी कहा जो उसको ठीक लगा मैं तो बचपनसे ही समझ हूं और आपकी किसी भी प्रकारकी आज्ञा को माननेवाला हूं आप मुझको कुएँमें डालें अथवा मारनेके लिए चांडालोंको सौंप दें—आपको जो जैंचे सो करें. उसमें मैं किसी भी प्रकारका विचार नहीं करता अतः अब आप चिंता को छोड दें, उठकर स्नान पूजन कर लें और भोजन करके स्वस्थ हो जावें. बादमें मुझको आचार्यके पास ले जाकर उनको भेंटके रूपमें दे दें.

फिर सर्वदेव ब्राह्मण अपने छोटे पुत्रको लेकर आचार्य के पास गया और शोभनको आचार्य के चरणों में भेंट किया. आचार्यने भी सर्वदेवकी संमति लेकर अच्छे दिवस मुहूर्त इत्यादिक को देखकर शोभनको अपना शिष्य बना लिया

बनसाक राजमान्य था अतः आचार्य को (अपभ्राजनशङ्कया) शासनकी अपभ्राजना होने की शंका हुई. इस कारण आचार्यने अपने नए शिष्यको लेकर प्रातःकालमें ही धारानगरीसे अणहिल्लपुर की तरफ जाने के लिए विहार कर दिया

धनपालने जब देखा कि पिता सर्वदेवने निधान के लिए अपने छोटे भाई को बेच दिया है, अतः पिता अनुचित कर्म करनेवाले हैं. धनपालने पिता को अपने से पृथक् कर दिया और वह (धनपाल) गुस्से में आकर सोचने लगा कि जैनमुनियोंका मुंह देखने लायक नहीं है, ये कहां कहां से आकर संयम और शमके बहानेसे भी तथा बालकों को ठग लेते हैं, वीतरागपरी शूद्र हैं, इनका पाखंड बड़ा अद्भुत है. राजाको कह कर अब इस प्रदेश में इनका आना जाना रोक देना जरूरी है.

धनपालने जैनमुनियों पर कोपाविष्ट होकर जैनमुनि बनकर शोभन चला गया इत्यादि जो बात बनी थी राजा भोज को कह दी. तब राजा भोजने अपने राज्यमें बारह वर्ष तक जैनमुनियों का आनाजाना निषिद्ध घोषित

कर दिया और उससे सारे मालवे में किसी भी (श्वेताम्बरदर्शनम्) एक कपड़ेवाले मुनि का विहार नहीं हुआ.

जब आचार्य महेन्द्रसूरि गुजरातमें थे तब धारानगरी के श्रीसंघने धारानगरी में जैनमुनियों के खिलाफ जो कार्रवाई हुई थी वह उन्हें विदित की और मालवे में पधारने की विनंति की.

आचार्यने अपने शिष्य शोभनमुनिको अच्छी रीतिसे पढ़ाया, सिखाया और वाचनाचार्य बना दिया अवंती के अर्थात् धारानगरी के संघकी याद में आपकी विनंति सुनकर शोभनमुनिने वहां जानेका विचार किया और अपने निमित्तसे जो क्लेश हुआ है उसको उपशांत करनेका तथा अपने बड़े भाई धनपालको भी प्रतिबोध करनेका संकल्प अपने गुरु को विदित किया

बादमें श्रीमहेन्द्रसूरिजीने गीतार्थ मुनियोंके साथ वाचनाचार्य शोभन-मुनिको धारानगरीकी तरफ विहार करने की आज्ञा दी.

श्री शोभनमुनि आदि मुनिमंडल अणहिलपुरसे ग्रामानुग्राम विहार करते करते एक दिन धारानगरी को पहुँच गए. उचित समय को देख कर एक दिन शोभनमुनिने अपने साथके मुनियों को धनपाल के घर पर भिक्षा के लिए भेजा.

मुनियोंने धनपाल के घर आकर 'धर्मलाभ' ऐसा कहकर भिक्षा मांगी. धनपाल की स्त्रीने कहा 'सरस्थित' अर्थात् धर्मलाभ तो तालाब में है। तब शरीर पर तेलकी मालिश कर के स्नान के लिए उद्यत ऐसे धनपालने कहा कि घरमें आये हुए अर्थिको कुछ न कुछ देना चाहिए, यदि ये खाली हाथ चले जाएंगे तो बड़ा अधर्म होगा अतः इनको थोड़ा दही दो.

तब धनपाल की स्त्री उचितान्नम्-बासी-ठंडा-अन्न लाई. मुनियोंने अन्न को ले लिया, फिर जब वहीं आये तब मुनियोंने पूछा कि यह दही कितने दिनका

है! तब सौन कहा कि क्या इस दही में जीव पड़े हैं! यह दही तीन दिनका है, लेना है तो लो अन्यथा चले जाओ.

मुनियोंने कहा कि ऐसा पूछना हमारा आचार है, इससे आप नाराज क्यों होती हैं! यह सब वार्तालाप सुनकर धनपाल पंडितने कहा कि यदि आप इस दही में पड़े हुए जीवों को बता दवें तब आपका वचन निर्दोष एवं सत्य माना जाय.

तब मुनियोंने दही में अलते की गोली डलवाई तब दही का रंग बदल जाने से उस के अंदर जो छोटे छोटे जंतु उत्पन्न हो गए थे वे प्रत्यक्ष दीख पड़ने लगे यों दही सफेद था और उस के अंदर उत्पन्न हुए छोटे जंतु भी दही के समान रंग के थे अतएव नहीं दीख पड़ते थे। जब दही का रंग बदलने के लिए उसमें दूसरी वस्तु डलवाई तब वे जंतु दही में स्पष्ट से साफ साफ दिखाई देने लगे.

महाकवि धनपाल इन जंतुओं को देख कर अचंभे में आ गया और दही कितने दिनका है '' इस प्रकारका मुनियों का प्रश्न समुचित ही था— ऐसा विचार उनके मन में आया तथा मुनि जैन मुनि किस कदर या किस हद तक दया-अहिंसा-का विचार करते हैं, किसी भी छोटे मोटे जीवकी रक्षा के लिए वे कितने सावधान रहते हैं और अपनी संयमयात्रा वे इस तरह चलाते हैं जिससे किसी भी प्राणी की हिंसा न हो, अपना मन चंचल न हो इंद्रियाँ भी अपने वश में ही रहे जिससे रागद्वेषके परिणाम धीरे धीरे क्षीण होकर समवृत्ति बनी रहे

इस प्रकार विचार करते करते उसके मन में जैन धर्म संमत दयावृत्ति ठीक जँचने लगी और हिंसाप्रधान वैदिक कर्मकांड से उसका मन हटने लगा

फिर उसने भिक्षार्थ आए हुए मुनियों को पूछा कि आप लोग इस धारानगरी में कहांसे आए हैं? आपके गुरु कौन हैं? और आप इधर आकर कहां ठहरे हुए हैं!

मुनियोंने कहा कि हम गुजरात देश से आए हैं. हमारे गुरुका नाम सोमनमुनि है जो आचार्य महेन्द्रसूरि के शिष्य हैं और हम इधर श्रीआदि नाथभगवानके मंदिरके पासके निर्दोष स्थानमें ठहरे हुए हैं.

भिक्षा लेकर जब मुनि चले गए तब धनपाल भी अपने नित्य कर्मसे निवृत्त होकर भोजन कर बड़ी भक्तिके साथ भक्ति नम्र बन कर उन मुनियों के उपाश्रय में जाने को उद्यत हुआ.

जब धनपाल महाकवि उपाश्रयमें पहुंचा तब अपने बड़े बंधुको आते हुए देखकर शोभनमुनि उसके आदर के लिए खड़े हो गए, शोभन मुनिने अपने आसन के आधे भागमें अपने बड़े भाई को बड़े स्नेहसे बैठाया.

अब दोनों भाई एक दूसरेको देखकर प्रेमगद्गद हो गए धनपालने कहा कि पूज्य तो तुमही हो, तुमने ही उत्तम ऐसे दयाप्रधान धर्मका स्वीकार किया है और इस धर्मका पालन भी बड़ी सावधानीसे संयमपूर्वक कर रहे हो. ऐसे दयाधर्मी मुनियों को धारानगरीसे निर्वासित करके मैंने बड़ा पापपुंज उपार्जित किया है. तुमने ऐसे अहिंसाप्रधान धर्मका स्वीकार करके अपने जीवन को सफल बनाया है ।

तुम धन्य हो और पिताजी सर्वदेव भी धन्य हैं मैं हिंसाप्रधान यज्ञ यागादिको धर्मके रूपमें समझ कर उसीके कर्मकांड में आजतक फंस गया. परंतु अब मैं सच्चे अहिंसारूप धर्मको समझ सका हूं

तुम्हारे ये मुनि मेरे घर पर आज भिक्षा लेनेके लिए आए थे मेरे मनमें जैनमुनियों के प्रति आदर नहीं था तो भी घर पर जो याचक आता है वह भिक्षा पाए बिना चला जाय यह मुझको बड़ा अनुचित लगता है, अतः मैंने गृहिणी को भिक्षा देनेको कहा

मेरी स्त्री उसको भी आदर नहीं था अतः वह ठंडा अन्न लाई और दहीं भी लाई.

मुनियानि यह ठंडा अन्न तो ले लिया मगर जब वे वहीं देने लगीं तब मुनियोंने पूछा कि—यह वहीं कितने दिनका है ? उसने खीज कर कहा कि क्या दहींमें भी जीव पड गए हैं ? पानी में तो पड़नकी बात मानती हूं

तब मुनियोंने बड़ी नम्रता से कहा कि बहिन ! बिना पूछे या बिना जाने हम कोई चीज कैसे नहीं हैं. हमारा आचार ही ऐसा है इसमें खीजने की कोई जरूरत नहीं है. तीन दिनका वही होगा तो जैसे बिना छाने जलमें जीव होते दीखते हैं वैसे उस वहीं में भी जीव उत्पन्न हो जाते हैं और दिखाई भी देते हैं

तब मैंने कहा कि एक तो मांग कर खाना और वहीं ताजा है या वासी है या कितने दिन का है ' ऐसा पूछना यह भिक्षुओं को क्या उचित है '

मुनियोंनि मेरे अनादर को नहीं गिन कर विनय भावसे जवाब दिया कि हमारा धर्मकर्म सब अहिंसाप्रधान है—दयाइन्द्रियप्रधान है हम कोई ऐसी चीज खानेको या पहनने—ओढने को भी नहीं लेंगे जिसमें जीवों की हिंसा हो हम भूखको सहन कर सकते हैं तथा शीतको भी अच्छी तरह सहन कर सकते हैं, परंतु जहां जीवोंकी हिंसा मालूम हो ऐसा कार्य मरणांत तक नहीं करते हैं हमारा ऐसा ही आचार है.

हमारे ज्ञानी अनुभवी ऐसे पूर्वपुरुषोंने बताया है कि तीन दिन के वहीं में जंतु उत्पन्न हो जाते हैं. अतः हमने ऐसा पूछा इसमें 'वहीं ताजा है या वासी है ? ' ऐसा कोई सवाल केवल स्वाद के लिए हमने नहीं किया है या ऐसे सवाल केवल स्वादेन्द्रियके वश होकर हम कभी भी नहीं करते हैं और इस प्रकार स्वादेन्द्रियके वश होकर ऐसे सवाल करना हमारा आचार भी नहीं है

तब मैंने (धनपालने) कहा कि सचमुच ऐसा ही है तो आप वहीं में जो जीव पैदा हुए हैं उन्हें मुझको प्रत्यक्ष बताइए केवल श्रद्धासे मैं माननेवाला नहीं हूं. तब मुनियोंने कहा कि वहीं जैसा श्वेत वैसा प्राय होता है और तीन

जिनके बहुँमें जो जीव उत्पन्न होते हैं वे भी श्रोतसे मारा होते हैं. अतएव बहुँ का रंग बिना बदले वे दीख नहीं सकते. तो आप इस बहुँमें थोड़ासा अलक्ता डाल दीजिए, जिससे इसका रंग थोड़ा बदल जायगा तब आप देखेंगे तो इसमें चलते हुए कीड़े नजरमें आवेंगे.

फिर मैंने (धनपालने) अलक्ता मँगाकर बहुँ में डलवाया तो जो बात मुनियोंने कही वह बराबर सही मालूम पड़ी. बहुँमें चलते हुए कीड़ों को मैं प्रत्यक्ष देख सका

तब मेरे (धनपालके) मनमें मुनियों की दयावृत्ति का और उनके अहिंसाप्रधान धर्मका सच्चा ख्याल आया तथा जिस धर्मका आचरण मैं अभी कर रहा हूं इस हिंसाप्रधान यज्ञ यागादिक कर्मकांडमय वैदिक धर्मका भी बराबर ख्याल आया. दोनों धर्मोंकी जब मैंने बुद्धिपूर्वक तुलना की, विवेचना की, तब मुझको आपके इस अहिंसाप्रधान धर्मपर प्रीति हुई, विश्वास हुआ और धर्मविषयक मेरी परंपरागत गलती समझमें आ गई. अब हे मुनिराज ! मैं धर्मके विषयमें आपकी शरण चाहता हूं और आपसे मैं जैनधर्मका स्वीकार करता हूं.

इस प्रकार मधुगद बोलते हुए धनपालने शोभनमुनि द्वारा जैनधर्मको स्वीकार किया और तबसे वह यावज्जीवन जैनधर्मपरायण बन गया

उसने श्रावक धर्मका स्वीकार किया और अंतकालमें जैन धर्ममें जिस प्रकार संलेखना विधि बताई है इस प्रकार संलेखना विधिसे मरण पाकर धनपाल सद्गतिका भागी हुआ.

[जब मरण समय नजदीक मालूम होता है तब ब्रतधारी श्रावक या मुनि अपने गुरुकी शरण लेकर तीर्थंकर सर्वज्ञ को नमस्कार करके अपनी सब बाह्य प्रवृत्तियों को छोड़ देते हैं और अनशन करके कोई एकांत स्थानमें या वन या उपाश्रयमें या वन ऐसा नियम लेते हैं कि अब मैं मरण तक सिर्फ आत्मध्यानमें स्थिर रहूंगा आत्मघातका सर्वथा त्याग कर दूंगा और ममता

वचसा तथा कर्मणा किसी प्रकार के दुःसंकल्प, दुर्वचन और दुष्प्रचार को नहीं करूंगा ऐसा निश्चय करके श्रावक व मुनि एक आसनमें स्थिर होकर जीवनांत तक धर्मस्थानमें बैठे रहते हैं या अशक्त हो तो दर्भके बिछौने पर सो रहते हैं और अपनी क्रोध मान माया लोभ वगैरह दुर्वृत्तियोंको क्षीण क्षीणतर, क्षीणतम करनेके लिए देहद्वारा कठोर तप भी करते रहते हैं इसका नाम मरणांतसंलेखना विधि है.]

इस प्रबंधसे नीचेकी बातें फलित होती है.

१ धनपाल जन्मसे ब्राह्मण था और जैनधर्मके प्रति नफरत करता था वह सरलस्वभावी था तथा सदाचरण का जिज्ञासु रहा अतः वहींमें जीव होनेकी बात सुनते ही उसकी अहिंसाविषयक जिज्ञासा तेज हुइ और वह जैन श्रावक बन गया

पुराकालसे अहिनकुलम् की तरह श्रमण—ब्राह्मणम् इस प्रकारकी कहावत चली आई है, फिर भी जैनपरंपरामें प्रथम गणधर इन्द्रभूति गौतम से लेकर जो बडे बडे दिग्गज महावादी और आध्यात्मिकवृत्तिप्रधान आचार्य हुए हैं वे प्रायः जन्ममात्र ब्राह्मण हुए हैं. ऐसा अनुमान करना अनुचित न होगा कि प्राचीन ब्राह्मण कुलके संस्कारों में सरलता और सत्यान्वेषण वृत्ति उनमें जिज्ञासिकता होने से अधिक सुलभ होगी।

२ प्रबंधमें शोभनकी दीक्षा का जो प्रसंग आया है उससे मालूम होता है कि उस काल के जैनमुनि किसी भी बहाने से शिष्यप्रिय होते थे संयमके लिए सचे वैराग्यके प्रति उपेक्षा हो गई थी. मंत्रतंत्रके प्रयोग करना आदर्श संयमीके लिए सर्वथा निषिद्ध होनेपर भी किसी भी प्रकार के बहानेको धार्मिकताका रूप देनेमें संकोच कम हो गया था.

वर्तमानमें भी इसी वातावरणकी प्रतिध्वनि जैनमुनियोंमें क्या नहीं दीख पडती है ? वर्तमान हमेशा भूतकालका प्रतिध्वनिरूप होता ही है.

३ श्रीरामचंद्रकी तरह गोमन बड़ा पितृभक्त था ऐसा मालूम होता है अथवा यह मोक्षमात्मा इतनी प्रौढ़ी उमरका लड़का होगा कि जिस तरफ भक्ति व प्रीति विशेषता दिखी रहती है-

४ धनपालके समयमें वैदिकपरंपरा का कर्मकांड इस प्रकार प्रबल होगा

"स्पर्शोऽमेध्यभुजां गवामघहरः वन्द्या विसंज्ञा द्रुमाः
स्वर्गः छागवधाद् द्विनोति च पितॄन् विप्रोपभुक्ताशनम् ।
आप्ताः छद्मपराः सुराः शिखिहुतं प्रीणाति देवान् हविः
स्फीतं फल्गु च वल्गु च श्रुतिगिरां को वेत्ति लीलायितम् ! ॥

—(प्रभावक चरित्र पृ २१२ महेन्द्रसूरि प्रबन्ध श्लो १११

अपवित्र पदार्थोंको खानेवाली गौओंका स्पर्श पापहर माना जाता जड़ पेड़ वंद्य मान जाते हैं, बकरेकी बलि देनेसे स्वर्गप्राप्ति समझी जा है ब्राह्मण लोगोंका किया हुआ भोजन जिनकी विद्यमानताका व स्थान पता तक नहीं मालूम है ऐसे पितृलोक तक पहुँच जाता है (मानो ब्राह्मण एक तरह के पोस्ट ओफिसरूप हैं जो बिना पतेके सामानको भी पहु सकते हैं) अग्निमें डाला गया घी औरह हविष देवोंको प्रसन्न करता है ये सब अनुष्ठान वैदिक परंपरामें चल रहे हैं- वैदिक वाणीकी लीलाको कं जान सकता है !

५ धनपालकी स्पष्टवादिता और निःस्पृहता धनपाल धारानगरीके रा भोजकी सभाका प्रमुख कवि था राजसम्मानित था तथापि वह बड़ा स वादी और निःस्पृह था

देखिए —

एक समय जब राजा शिकारके लिए चला तब कवि धनपाल को साथमें ले चला. राजाने एक बड़े वराहको जब एक ही बाणसे बींधा यह वराह जब गरर गरर आवाज करता हुआ गिर पड़ा तब साथमें

हुए अन्य कवियोंने राजाके असाधारण बलकी प्रशंसा की, तब राजाकी दृष्टि धनपाल पर भी गई कि वह भी इस प्रसंग का योग्य बहुत वर्णन करे

धनपालने शीघ्र ही निःसंकोच कह दिया कि—

रसातलं यातु यदत्र पौरुषं क्व नीतिरेषाऽशरणो ह्यदोषवान् ।

निहन्यते यद् बलिनाऽपि निर्बलो हहा महाकष्टमराजकं जगत् " ॥

अर्थात् " महाराज ! तुम्हारा यह बल रसातलमें जाए जो शरणहीन है और निर्दोष है वह मारा जाता है क्या यह भी कोई नीति है बलवान द्वारा निर्बलका मारा जाना तो सरासर अन्याय ही है हाय क्या किया जाय ? जगत् अराजक बन गया है, यह बड़ा कष्ट है"।

राजाने चुपचाप सुन लिया

फिर एक दूसरा भी प्रसंग ऐसा ही आ गया—

राजाने दूसरे किसी प्रसंग पर कविसे कहा कि कोई अच्छी जैनकथा हो तो हमको सुनाओ। तब धनपालने बारह हजार श्लोकप्रमाण गद्यप्रचुर रसमय ऐसी तिलकमंजरी नामकी एक जैनकथाकी रचना की।

जब कथा गूँथी जाती थी तब पुत्री उसको सुन लेती थी या पढ़ लेती थी। एक बार पुत्रीने कविसे पूछा कि पिताजी, क्या अब वह कथा पूरी बन गई ? कथा पूरी बन चुकी थी। बादमें जैनशासनके विरुद्ध ऐसी कोई बात कथामें अनजानसे न आ गई हो इसका निर्णय करके कथाको शुद्ध करने के लिए कविने अपने असाधारण सम्माननीय वादिवेताल शान्तिसूरिको धारामें आनेके लिए आमंत्रण भेजा उन्होंने आकर कथाको शुद्ध बना दिया फिर कविने राजाको कथा सुनाना आरंभ किया।

कथामें मुख्य चार वस्तुएं थीं— अयोध्या नगरी, भगवान् ऋषभदेव आदि तीर्थंकर, शक्रावतार तीर्थ और नायकरूप मेघवाहन नृपति

राजा सारी कथाको बड़े चावसे बहुत दिनों तक सुनता रहा। जब पूरी सुन ली तब राजाने कविसे प्रार्थना की कि कथा तो बड़ी ही मनोहर हुई है परंतु मेरी इच्छा है कि आप इस कथामें ऐसा जरा-सा परिवर्तन कर दें कि जहाँ अयोध्या है वहाँ धारा नगरी कर दें, जहाँ भगवान् ऋषभदेव हैं वहाँ शम्भु महाकालका नाम बना दें, जहाँ शक्रावतार तीर्थ है वहाँ महाकाल तीर्थका उल्लेख कर दें और जहाँ नायक मेघवाहन नृपतिका नाम है वहाँ राजा भोजका नाम रख दें।

भोजकी यह बात सुनते ही कविने स्पष्ट रूपसे कह दिया कि महाराज! कोई पवित्र श्रोत्रिय ब्राह्मणके हाथमें दूधका कटोरा हो और उसमें मद्य का एक बिंदु भी गिर जाय तो जिस प्रकार वह दूध अपेय बन जाय ठीक इसी प्रकार आपके सूचित परिवर्तनसे यह कथा अपवित्र हो जाय—अपेय बन जाय, ऐसा मुझे स्पष्ट प्रतीत होता है अतः मैं कभी भी ऐसा परिवर्तन नहीं कर सकता।

कविकी इस अत्यंत स्पष्ट निर्भय वाणीको सुनते ही राजा क्रोधाविष्ट हो गया और उसने उस कथाकी पुस्तकको जलते हुए अंगारोंसे भरी हुई अंगीठीमें डाल दिया।

यह देखकर धनपाल कवि उठ खड़ा हुआ 'अब और फिर मैं इधर कभी नहीं आऊंगा' ऐसा राजासे कहते हुए उद्विग्न होकर अपने घरकी तरफ चल पड़ा, कविको बड़ा खेद हुआ।

घर जाकर भी वह स्नान, देवार्चन भोजन इत्यादि नित्य कर्म भी न कर सका किसीसे एक बात भी नहीं की और चिंतामग्न होकर औंधा मुँह करके बिना बिछौनेके जमीन पर पड़ा रहने लगा। चिंतासे उसकी निद्रा भी चली गई।

कविकी ऐसी परिस्थितिको देख कर उसकी नौ बरसकी पुत्रीने अपने

चिन्ताके चिन्ताका कारण पूछा। तब कविने राजाने कथाकी सारी पोथी जला दी' इत्यादि सारी घटना सुनाई। तब पुत्रीने उन्हें कहा कि आप चिन्ता न करें मैंने यह कथा जितनी सुनी है उतनी सारी कथा मुझे बराबर अक्षरशः याद है। आप अब चिन्ताको छोड़ दें और सत्वर उठकर स्नानादि कार्य कर लें और मेरे मुखसे उस सारी कथा को सुनकर फिर लिख लें।

अपनी पुत्रीकी बात सुनकर कवि बड़ा ही प्रसन्न हुआ और फिरसे वह कथा पुत्रीने जितनी सुनी थी सारी लिखवा दी।

प्रबंधकार कहता है कि मूल कथा बारह हजार श्लोक प्रमाण थी, उसमें से नौ हजार प्रमाण बराबर लिखी गई और शेष तीन हजार प्रमाण कथा पुत्रीने नहीं सुनी थी उतनी नयी रच डाली- इस प्रकार कथा का नया अवतार हो गया और ऐसा भी कहा जाता है कि पुत्रीके नामसे कथाका नाम तिलक-मंजरी रखा गया।

उक्त इन दोनों वृत्तांतोंसे कविमें न्यायप्रियताके कठोर व्रत की तथा निःस्पृह वृत्तिकी भी स्पष्ट झलक मालूम होती है। और उसकी नौ वर्षकी पुत्रीका शिक्षण भी कितना उत्तम कोटिका था यह भी स्पष्ट दीखता है।

धन्य है धनपालके कुल और कुटुंबको।

६ कविके प्रबंधसे मालूम होता है कि जब राजाने कविका अनादर किया तब वह धारासे पश्चिमकी ओर सत्यपुर (साचोर जि० जोधपुर) में चला गया। वहां भगवन्त महावीरस्वामीका पुराना एक बड़ा चैत्य-मन्दिर-था। कविने वहां रह कर भगवन्त महावीरकी आराधनामें मन लगा दिया और सत्यपुरीय महावीर स्वामीकी एक बड़ी उत्तम काव्यमय विरोधाभास अलंकारसंयुक्त स्तुति प्राकृतभाषामें रच डाली। प्रबंधकार कहता है कि उस स्तुतिका आरंभ इस प्रकार है -'देव निम्मल' इत्यादि।

वर्तमानमें जो यह स्तुति प्रकाशित की गई है उसमें आदिभाग इस प्रकार है —

“ निम्मलगुणे वि भव्वे जिणाण मग्गपुरट्ठ मगमिलग।
वीरमणिरुद्वसम्मं थुणामि स-जिरुद्वसमणस्साहं” ॥ १ ॥

तथा

अन्तभागका पद्य इस प्रकार है —

इय सम्मदिसिनिसिपय धम्मय पसम निहोभमोअरस।
मम मत्त सया मत्ता समोसर संपुरमिराणं” ॥ ३० ॥

इस अंतिम पद्यमें 'धण पालय' शब्द द्वारा कविने अपना नाम भी सूचित किया है।

इन तीस पद्योंकी सारी स्तुति संपूर्णरूपमें जैनसाहित्यसंशोधकके तीसरे खंड के तीसरे अंकमें छपी हुई है। यहां उसका संपादन और सारा स्पष्टीकरण इसी लेखकने किया है।

७ प्रबन्धोंमें लिखा है कि कवि धनपालने अपने धनका सात क्षेत्रोंके उद्धारार्थ उपयोग किया। श्रावक, श्राविका साधु, साध्वी, जिनचैत्य, जिन-बिंब और ज्ञान ये सात क्षेत्र जैनपरंपरामें प्रसिद्ध हैं। कविने एक बड़ा प्रासाद—जैनप्रासाद बनवाया और उसमें अपने आचार्य महेन्द्रसूरि द्वारा श्रीऋषभदेव भगवानकी प्रतिमाकी प्रतिष्ठा करवाई. श्रीऋषभदेव भगवानकी स्तुति करते हुए कविने ऋषभपञ्चाशिका नामकी पचास पद्योंमें एक प्राकृत भाषामय स्तुति बनाई। उसका प्रारंभ इस प्रकार है “जय जंतुकप्पपायव” इत्यादि। यह स्तुति निर्णयसागर प्रेसमें छप चुकी है।

८ कविने अपनी मातृभाषामें 'सत्यपुरीय श्री महावीर उत्साह' नामकी पैंतीस पद्यमय एक और भी स्तुति बनाई है। यह स्तुति जैनसाहित्यसंशोधकके उक्त अंकमें संपादक महाशयने सविवेचन मूलपाठके साथ प्रकाशित की है। इस स्तुतिसे मालूम होता है कि कवि कोरंट, श्रीमाल, धार, आहाड— (आघाट ? आघाट !) नराणा अणहिल्लवाड पाटण, विजयकोट और पालीताणा

थे सब स्थानोंकी यात्राको गए हुए थे, क्योंकि उक्त 'उत्साह' नामकी स्तुति में कविने स्पष्ट सूचित किया है कि "पिक्खिवि ताव बहुय ठाम" अर्थात् इन सब स्थानोंको देखकर प्रतीत हुआ कि जैसी भगवान महावीर की मूर्ति साचोरमें है, वैसी शान्तरसमयी मूर्ति और किसी जगह नहीं है।

इस उत्साहमें कविने अणहिलपुर, सोरठ, सोमनाथ, धंधुका, श्रीमाल-देशके तीर्थ देलवाड़ा वगैरह तीर्थोंमें तुर्कों द्वारा जो मूर्तियों का भंजन हुआ है उसका अतिस्पष्ट उल्लेख किया है। संवत् १०८१ में महमूद गिजनीद्वारा किये गए मूर्तिभंजन को यह उल्लेख सूचित करता है। और यह बात जिन-प्रभसूरिरचित तीर्थकल्पसे समर्थित होती है। तीर्थकल्पमें सत्यपुर तीर्थ का भी एक कल्प है.

९ धनपालकी उम्र मर्यादा

पाइयलच्छी नाममाला १०२९में बनाई। १०८१में जो मूर्तिभंजन हुआ धनपाल भी उल्लेख 'उत्साह' में किया है, अतः जब पाइयलच्छी बनाई तब उसकी उम्र करीब बीस बरसकी मानी जाय तो भी उत्साह बनाने के समय उसकी उम्रका अन्दाज सत्तर बरसका किया जा सकता है। संभव है कि 'उत्साह' बनाने के बाद दस-बीस बरस तक अधिक कविका जीवन रहा हो। सो उसकी ब्यासी अथवा बयानवे सालकी उम्र असंभव नहीं.

'उत्साह' में कविने अपना नाम दो दफे इस प्रकार स्पष्ट किया है— "भक्तीइ धनपालु भणइ" (भक्त्या धनपालो भणति) तथा "तइ तूठइ धनपालु" (त्वयि तुष्टे धनपाल)

'उत्साह' जिन पद्योंमें लिखा गया है वे संवत् ११५०-५८ में लिखे गए हैं अर्थात् 'उत्साह' के पद्य इतने प्राचीन हैं।

१० धारामें धनपाल का पुनरागमन और अपने भ्राताकी प्रतिज्ञाकी रक्षा—

" निम्मलगणे वि भणंबे जिणाय पवयुग्णले पणमिऊण।
